# गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास

## मौके पर मिला सुसाइड नोट, पति-पत्नी का विवाद आया सामने





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** तहसील में तैनात नायब नाजिर ने आज दोपहर अपने पर खुद को गोली मार ली। घटना से कॉलोनी में सनसनी फैल गई। पुलिस ने घायल नाजिर को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट, एक बंदूक और एक पिस्टल बरामद की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इन्द्रलोक कालोनी निवासी संजीव चौधरी उर्फ महावीर (50 वर्ष) चांदपुर तहसील में नायब नाजिर के पद पर तैनात है। आज दोपहर करीब तीन बजे संजीव चौधरी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। गोली लगते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने उन्हें गंभीर हालत में नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जांच के दौरान पुलिस को मौके से संजीव चौधरी के नाम लाइसेंसी 12 बोर की डबल बेरल बंदूक व 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल मिली है। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में पति-पत्नी का विवाद सामने आया है।

एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया इन्द्रलोक कालोनी निवासी कर्मचारी संजीव ने गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया है। घायल को नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से 12 बोर की डबल बेरल बंदूक व 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल और सुसाइड नोट भी बरामद किया।

मौके से बरामद सुसाइड नोट में पति-पत्नी का विवाद पाया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बदला

## साढ़े बारह बजे तक खुलेंगे स्कूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर स्कूलों का समय परिवर्तन कर सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक का कर दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद में जनपद में पड़ रही अत्यधिक गर्मी, लू व हीटवैव के कारण सभी राजकीय व मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेजों, हायर सैंकडरी स्कूलों एवं मदरसा बोर्ड से संचालित सभी विद्यालयों में समय परिवर्तन कर शिक्षण समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक का कर दिया गया है। जबकि विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व कर्मचारी पूर्व में निर्धारित समय तक विद्यालय में उपस्थित रह कर विभागीय व प्रशासनिक कार्य करेंगे।

गौरतलब है कि जनपद में भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों को दोपहर स्कूल से वापस आने के दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ई-रिक्शाओं सहित अन्य वाहनों में बच्चों को ठूस-ठूस कर भरा जाता है। भीषण गर्मी में वह पसीने से तर-बतर हो जाते है।

जिलाधिकारी के निर्णय को अभिभावकों के द्वारा सराहा जा रहा है। अब देखना यह है कि स्कूल संचालक इस आदेश का कितना पालन करते हैं।

## बढ़ापुर में रोनू गिरफ्तार

**बिजनौर।** बढ़ापुर पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में ग्राम टांडा साहूवाला निवासी रोनू पुत्र धर्मपाल सिंह को गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### मंडावली में सौवेंद्र अरेस्ट

**बिजनौर।** मंडावली पुलिस ने ग्राम राहतपुर खुर्द निवासी सौवेंद्र पुत्र भोपाल को केबल, स्टार्टर व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है। सौवेंद्र के द्वारा यह सामान ट्यूबवैलों से चोरी किया गया था। इस संबंध में पीड़ित दलीप सिंह पुत्र जगराम सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### किरतपुर में थाने के पास चोरी



**किरतपुर।** पुलिस थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर एक मकान में चोरी की वारदात हुई है। अज्ञात चोरों ने पूर्व शिक्षक नवभार सिंह के मकान को निशाना बनाया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। यह घटना थाना किरतपुर के पीछे स्थित टीचर्स कॉलोनी में हुई। मकान पूर्व शिक्षक नवभार सिंह का है, जो हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर से सेवानिवृत्त हुए हैं और वर्तमान में अपने पैतृक गांव में रहते हैं। उनके मकान में नूरपुर निवासी आर्यन त्यागी किराए पर रहते हैं, जो नजीबाबाद तहसील के डाकघर में कार्यरत हैं। आर्यन त्यागी ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह करीब सात बजे अपने कार्यस्थल नजीबाबाद डाकघर गए थे। देर रात लगभग 8:45 बजे जब वह वापस लौटे, तो मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर देखने पर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था, जिससे चोरी की आशंका हुई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद थाना किरतपुर को सूचित किया गया, जिसके बाद कोबरा टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस थाने के इतने नजदीक चोरी की घटना होना पुलिस गश्त पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# जिला पंचायत के पुराने डाक बंगले के वीरान हिस्से में मिली लाश

## ट्यूबवैल कालोनी के सूरज के रूप में हुई मृतक की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** रोडवेज बस अड्डे के पास जिला पंचायत के पुराने डाक बंगले के वीरान और सुनसान हिस्से में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की का प्रयास किया। थाध्यक्ष राम प्रताप सिंह के अनुसार मृतक की पहचान ट्यूबवैल कालोनी बिजनौर निवासी सूरज के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सूरज के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे। उनका रो रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि सूरज शराब पीने का आदी था। वह तीन दिन से घर से निकला हुआ था। कल उसके साथ ट्यूबवैल कालोनी का ही एक युवक देखा गया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए युवक को हिरासत में ले लिया है। मृतक सूरज की आयु लगभग 24 वर्ष है।

मृतक के गले और सीने पर कुछ खरोंच जैसे निशान हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के सही कारणों का पता पीएम रिपोर्ट से ही पता चलेगा।

# नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल और उनके साथी दीपक सैनी का बिजनौर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

काफिले के रूप में पहुंचे कार्यकर्ताओं में वरिष्ठ समाजसेवी सैयद कासिफ अली एड., प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा मुशीर अहमद एड., महबूब कसगर, शावेज, खुर्रमजैदी, कादिर हुसैन, दानिश मलिक, अकरम अली, आवेश अली एड., परवेज राणा, मौहम्मद शानू, सुहेल सलमानी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शामिल होकर हनी फैसल का भव्य स्वागत किया। यह स्वागत समारोह हनी फैसल को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद की खुशी और उत्साह को दर्शाता है। पार्टी कार्यकर्ता इस नियुक्ति को युवा नेतृत्व को मिले अवसर के रूप में देख रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने हनी फैसल को पार्टी को मजबूत बनाने और जनसेवा के लिए पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया। हनी फैसल ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

# मौत बनकर बाजार में दौड़ रही थी बिजली की लपटें



## देवदूत बनकर आए लाइनमैन शकील ने टाला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आज शाम लोहारी सराय का व्यस्त बाजार रोज की तरह गुलजार था, लेकिन अचानक आसमान से आग बरसने लगी। ओवर लोडिंग के बोझ से दबे बिजली के तारों ने आग पकड़ ली। पल भर में पूरे तिराहे पर कोहराम मच गया। नीचे ट्रैफिक और ऊपर धधकती मौत।

तभी एंट्री हुई बिजली विभाग के जांबाज सिपाही शकील अहमद की। जैसे ही उन्हें खबर मिली, उन्होंने पलक झपकते ही पॉवर हाउस से सप्लाई कटवाई। खतरा अभी टला नहीं था, क्योंकि तार धधक रहे थे। शकील ने अपनी जान की परवाह न करते हुए पड़ोस की छत पर मोर्चा संभाला और पानी की बौछारों से अग्निकांड को ठंडा कर दिया। अगर शकील की जांबाजी में एक मिनट की भी देरी होती, तो घनी आबादी वाला यह इलाका श्मशान बन सकता था। फिलहाल, पूरे नगर में शकील की बहादुरी के चर्चे हैं।

# नारी सम्मान के लिए सड़कों पर उतरीं महिलाएं

## गजरौला पाईमार में उमड़ा महिला शक्ति का सैलाब




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के गजरौला पाईमार मंडल में महिला शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित महिला जनाक्रोश पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों और विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने भाग लेकर नारी सम्मान और अधिकारों की आवाज बुलंद की। पदयात्रा के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के रवैये के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

पदयात्रा में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथों में तख्तियां और नारों के साथ महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी आवाज उठाई। इस दौरान महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि देश की आधी आबादी को उनका उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

इस जनाक्रोश पदयात्रा का नेतृत्व भाजपा की पूर्व क्षेत्र मंत्री और धामपुर नगर पालिका अध्यक्ष लीना सिंघल ने किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में जिला मंत्री मोनिका यादव, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुरभि चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनीषा सैनी और नगर पालिका सभासद इंदु राजपूत सहित कई महिला नेताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

पदयात्रा में भाजपा के जिला महामंत्री बलराज त्यागी, ब्लॉक प्रमुख तपराज चौधरी, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रे और कार्यक्रम संयोजक शिवम चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है।

उन्होंने संकल्प लिया कि महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व और अधिकार दिलाने के लिए यह संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# बढ़ापुर में खेत विवाद को लेकर युवक पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बढ़ापुर थाना क्षेत्र में खेत के पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर हमला किया गया। इस हमले में युवक के सिर पर चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम शाहनगर कुराली निवासी सत्यपाल सिंह पुत्र श्याम सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 25 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 बजे वह शिव मंदिर के सामने अपने साथी हरपाल के साथ बात कर रहे थे। तभी गांव का सोनू पुत्र रामकुंवर सिंह वहां पहुंचा।

आरोप है कि सोनू ने, जिसका सत्यपाल सिंह के साथ खेत की जमीन को लेकर पुराना विवाद है, पीछे से अचानक उनके सिर पर किसी वस्तु से वार कर दिया। इससे सत्यपाल सिंह घायल हो गए और उनके सिर से खून निकलने लगा। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हमलावर ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया।



### नोटिस मिनजानिब

शबूल इकबाल पुत्र नसीम इकबाल निवासी मौहल्ला काजीजादगान, कस्बा व थाना चांदपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.।

**बनाम**

जैबा खान पुत्री असलम खान निवासी मौ. काजीसराय, कस्बा व थाना चांदपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.।

बजरिये नोटिस हाजा आप प्रतिपक्षी को सूचित किया जाता है कि मैंने आप विपक्षी को आज दिनांक 17.04.2026 को भारतीय कानून व मुस्लिम शरियत के अनुसार बजरिये नोटिस अव्वल तलाक (प्रथम तलाक) दे दी है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MUSTAQEEM AHMAD ANSARI है। अब मैंने अपना नाम बदलकर MUSTAQUEEM SHAREEF ANSARI रख लिया है। मुझे मेरे बदले नाम से ही जाना व पुकारा जाए। MUSTAQUEEM SHAREEF ANSARI S/O SHAREEF ANSARI

V&P- DHAMPUR HUSAINPUR
Sub Distt- DHAMPUR
DISTT- BIJNOR, PIN- 246761

### संबंध विच्छेद सूचना

हम अपने पुत्र अंकुल को गलत संगति व अभद्र व्यवहार करने के कारण उससे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। उसके किसी भी कृत्य के लिए हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। अब उससे हमारा कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। **राकेश पुत्र सुखलाल व खिमिया पत्नी राकेश निवासीगण ग्राम सादात नगर, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र अय्यूब व उसकी पत्नी शमा के गलत आचरण व व्यवहार व रोज-रोज के लड़ाई झगड़ों व मेरी व मेरे परिवार की जान-माल के दुश्मन बनने के कारण उन दोनों से तंग व परेशान होकर सभी तरह के अपने व अपने परिवार से संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **फारूख पुत्र हमीद निवासी ग्राम जगन्नाथपुर, थाना कोतवाली देहात, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्रगण सोनू उर्फ लवी व शिवम उर्फ आदित्य एवं इनके परिवार गलत संगत में पड़ गये है। मेरे कहने-सुनने में नहीं है और न ही मेरी कोई बात मानते है। उल्टा मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौच व मारपीट करते है। मैं सोनू उर्फ लवी व शिवम उर्फ आदित्य एवं इनके परिवार को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके किसी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार वालों का कोई मतलब वास्ता नहीं है। आज के बाद सोनू उर्फ लवी व शिवम उर्फ आदित्य एवं इनके परिवार के किसी व्यक्ति से कोई भी लेन-देन करता है, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राजदुलारी पत्नी स्व. विजयपाल सिंह निवासी मौ. चाहशीरी बी-24, निकट रामलीला मैदान, थाना को. शहर, तहसील व जिला बिजनौर**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 374/न.पा.परि.नह./2026-27 दिनांक:- 27.04.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु 15वें वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम किश्त)/ वर्ष 2023-24 बुनियादी अनुदान द्वितीय किश्त (संशोधित)/राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत विकास कार्यों की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जिसके निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 28.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 13.05.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 13.05.2026 को समय दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender reference | Ltr.No. 374/न.पा.प.नह./2026-27 |
| Publish and Time for RFP | दिनांक 28.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे |
| Last date and Time for submission of E-Tender | दिनांक 13.05.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date of time of opening tender | दिनांक 13.05.2026 को सायं 04:00 बजे |
| Place of opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Nehtaur |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document processing | As per tender List. |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

### अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री इमरान अली पुत्र श्री उस्मान अली मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. इरफान, मौ. रिजवान, मौ. इमरान व मौ. फुरकान पुत्रगण श्री मौ. उमर** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **184/1 वाहिदनगर,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

### अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री सैहफुल इस्लाम पुत्र श्री मुंशी अ. हई मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री नूर मौहम्मद पुत्र श्री अ. गफूर** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **वाहिदनगर,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# गाय को मिले राष्ट्रमाता का दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

### ○ गोहत्यारे को दी जाए फांसी
### राष्ट्रपति व पीएम राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**सम्भल।** गौ संरक्षण को लेकर एक बार फिर राजनीति गर्म हो गयी हैं। सामाजिक कार्यकर्ता ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल से गौवंश को राष्ट्रमाता, राष्ट्रदेव, राष्ट्र-आराध्य और राष्ट्र धरोहर का दर्जा देने की मांग की है।

सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता भोले सिंह त्यागी के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का केंद्र है। इसलिए इसे सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से सख्त कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि जो लोग गौहत्या में शामिल पाए जाएं, उनके लिए तत्काल फांसी की सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने गोपालकों की समस्याओं को भी उठाया। उन्होने कहा कि सरकार को गौशालाओं और इधर-उधर खर्च करने के बजाय सीधे गोपालकों को आर्थिक सहायता देनी चाहिए। जिससे गौवंश को सड़कों पर भटकना और परेशानी झेलना न पड़े। एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि यह मांग राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को एक साथ ज्ञापन भेजकर की गयी है। जबकि यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है।

## प्रभारी मंत्री करेंगे समीक्षा बैठक में सहभागिता आज

**सम्भल।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति का जनपद भ्रमण कार्यक्रम 28 अप्रैल आज अपराह्न 4:30 बजे कलक्ट्रेट सभागार में सीएम दर्पण पोर्टल विकास कार्यक्रमों एवं आकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा बैठक में सहभागिता करेंगे।



सम्भल। गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को ज्ञापन देने जाते।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

### ○खेत पर जाकर किया कीटनाशक का सेवन, गांव में शोक, परिवार में मचा कोहराम

**असमोली।** ऐचौड़ा कम्बौह थाना क्षेत्र के गांव गोंजनी की मिलक की जहरीला पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है,जबकि परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,सैफ अली पुत्र फुरकान शनिवार दोपहर किसी बात को लेकर मानसिक रूप से आहत था। इसी आहत अवस्था में उसने घर से निकलकर अपने खेत पर जाकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उसे तत्काल अमरोहा जनपद के चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार तड़के करीब 5 बजे सैफ अली ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं,गांव में भी इस घटना के बाद गमगीन माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, सैफ अली मिलनसार स्वभाव का युवक था और उसकी असमय मौत से हर कोई स्तब्ध है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस को भी अवगत कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं,परिजनों ने किसी तरह की शंका जाहिर नहीं की है।

# झुग्गी, झोंपड़ी ईंट भट्टों पर काम करने वाले बच्चों का दाखिला कराएगी सरकार

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

### ○ एक मई से विशेष तौर पर रखी जायेगी निगाह
### ○ अभियान बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने पर होगा केन्द्रीत
### ○ ड्रापआउट बच्चों की पहचान प्रक्रिया की जा चुकी है शुरू

**बबराला।** प्रदेश सरकार के द्वारा इस समय स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब एक मई से उन बच्चों पर विशेष तौर पर निगाह रखी जाएगी जो झुग्गी-झोपड़ी, ईंट-भटठों पर रहते हैं और पढ़ाई से बिल्कुल मुँह मोड लिया है। ऐसे बच्चों का स्कूलों में दाखिला सरकार कराएगी। प्रदेश में एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि 6 से 14 साल का कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। उसका स्कूल में नामांकन हो और वह नियमित स्कूल जाए।

इसी क्रम में 1 मई से प्रदेश में श्रमिक बस्तियों, ईंट-भटठों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को नामांकित किया जाएगा। यह अभियान खास तौर पर आउट-ऑफ-स्कूल और ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर केंद्रित होगा। दिव्यांग बच्चों को स्पेशल एजूकेटर के सहयोग से चिन्हित कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं ड्रॉपआउट बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिलाया जाएगा। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर बच्चे का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। स्कूल चलो अभियान के पहले चरण (1 से 15 अप्रैल) में 3 साल पूरा करने वाले बच्चों का आंगनबाड़ी-बाल वाटिका में नामांकन, 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा-1 में और 7 से 14 साल के ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अब दूसरे चरण में इसे और तेज करते हुए छूटे हुए बच्चों तक सीधी पहुंच बनाएं।शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया निर्देशों का पालन किया जायेगा।

## बिजली कटौती के विरोध में गरजे किसान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** किसान यूनियन अराजनैतिक के द्वारा धनारी बिजली घर पर अघोषित बिजली कटौती ,स्मार्ट मीटर, बिजली अधिकारियों पर आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार, काम के नाम पर सुविधा शुल्क लेना आदि समस्याओं को लेकर बैठक की गई। बैठक में पहुंचे नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह, थाना प्रभारी धनारी अखिलेश प्रधान, एसडीओ व जेई से वार्ता की गई और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया। कुछ समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया बाकी समस्या के समाधान के लिए 15 दिन का आश्वासन दिया गया है।

# भीषण गर्मी में दोपहर को बाहर निकलना खतरनाक

### ○जिलाधिकारी ने फिर जारी की एडवाइज़री

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी ने एडवाइजरी जारी कर जनता को सतर्क रहने की सख्त सलाह



दी है। उन्होंने कहा कि अप्रैल के अंतिम दिनों से लेकर मई-जून तक लू का प्रकोप सबसे ज्यादा रहता है, इसलिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है और लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि दोपहर 12 बजे से लेकर 3-4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें, क्योंकि यही समय सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। अगर बाहर जाना जरूरी हो तो सिर को ढककर रखें, जैसे छाता या गमछा इस्तेमाल करें। साथ ही शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए छाछ, नींबू पानी, लस्सी, आम पन्ना और नमक-चीनी का घोल जैसे तरल पदार्थ ज्यादा लें। उन्होंने चेतावनी दी कि बासी और भारी प्रोटीन युक्त भोजन से बचें, क्योंकि इससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यात्रा के दौरान पानी की बोतल साथ रखना बेहद जरूरी बताया गया है। पशुपालकों को भी खास हिदायत दी गई है कि अपने पशुओं को छांव में रखें और उनके लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था करें। घरों में वेंटिलेशन बेहतर रखने, रात में खिड़कियां खुली रखने और रसोई में हवा का पर्याप्त इंतजाम करने की भी सलाह दी गई है। इसके अलावा शराब और अन्य मादक पदार्थों से दूरी बनाने को कहा गया है, क्योंकि ये लू के असर को और बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह सक्रिय है। ग्राम स्तर पर 'ट्रिपल ए' मीटिंग, ब्लॉक स्तर पर जागरूकता अभियान, बैनर-पोस्टर और डुगडुगी के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि या पशुहानि को रोका जा सके। उन्होने संदेश देते हुए कहा कि लापरवाही जानलेवा हो सकती है, सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

## माटीकला पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उ.प्र. माटीकला बोर्ड से विगत वर्षों की भांति वित्तीय वर्ष 2026-27 में माटीकला व माटी शिल्पकला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरो/शिल्पियों को पुरस्कृत किया जायेगा। माटीकला योजनान्तर्गत मिट्टी के बर्तनो, खिलौने, मूर्तियों आदि का निर्माण कर जीविकोपार्जन करने वाले कुम्हारों, माटीकला शिल्पियों, परंपरागत कारीगरों में जो उत्कृष्ट कार्य करते है, उनकों मण्डल स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है इसमें चयनित प्रथम पुरस्कार 15000.00 रूपये, 12000.00 रूपये और तृतीय पुरस्कार 10000.00 रूपये की धनराशि के चेक के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। स्थापित इकाईयों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों से माटीकला पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र माटीकला पोर्टल पर 25 मई 2026 तक ऑन लाइन कर सकते है।

# वैवाहिक समारोह में खाने को लेकर विवाद में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

### ○पुलिस चौकी पहुंचने पर भी दोनों ने बरसाए एक दूसरे पर लात घूंसे

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्र के गांव दबोई खुर्द में रविवार रात एक शादी समारोह के दौरान बारात में खाना खाने को लेकर विवाद हो गया,जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस घटना में करीब 18 लोग घायल हो गए,जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया और शादी समारोह कुछ समय के लिए बाधित हो गया।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद जनपद के थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव आटान से रविंद्र पुत्र चंद्रपाल की बारात राजपाल सिंह की पुत्री सविता के विवाह के लिए आई थी। जयमाला कार्यक्रम के बाद जब बाराती भोजन कर रहे थे, तभी लड़के पक्ष के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। बताया जाता है कि एक पक्ष ने दूसरे पर प्लेट फेंक दी, जिससे माहौल और बिगड़ गया। रात करीब 11:30 बजे हुई इस घटना के बाद दोनों पक्ष मनौटा पुल स्थित पुलिस चौकी पहुंच गए,जहां भी उन्होंने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाए। उस समय चौकी पर केवल एक सिपाही मौजूद था,जबकि अन्य पुलिसकर्मी गश्त पर थे। बाद में सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मारपीट में घायल हुए लोगों में से सात का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली में मेडिकल कराया गया है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि मामला लड़के पक्ष के दो गुटों के बीच का है और अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## छोटी सी लापरवाही पैदा कर सकती है मुसीबत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** हज यात्र पर जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी और जरूरी खबर सामने आई है। जिला हज ट्रेनर हाजी नदीम ने हाजियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि छोटी सी लापरवाही उनके सफर को मुश्किल में डाल सकती है। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब के एयरपोर्ट्स पर कई हाजियों को सिर्फ इसलिए वापस कर दिया जा रहा है क्योंकि उनके फिंगरप्रिंट मैच नहीं हो पा रहे हैं। हाजी नदीम के अनुसार, इसका सबसे बड़ा कारण मेहंदी है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर हाजी ज्यादा मेहंदी लगाकर जाते हैं, जिससे उनके फिंगरप्रिंट स्कैन नहीं हो पाते और इमिग्रेशन में दिक्कत आती है। सऊदी अरब में नियम बेहद सख्त हैं, ऐसे में छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने सभी हाजियों, खासकर महिलाओं से अपील की है कि यात्रा से पहले मेहंदी लगाने से बचेंइसके अलावा फोटोग्राफी को लेकर भी सख्त नियम लागू हैं। काबा शरीफ और मस्जिद-ए-नबवी के अंदर फोटो खींचने पर 10,000 रियाल तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हाजी नदीम ने कहा कि हाजी इन पवित्र स्थानों की मर्यादा बनाए रखें और किसी भी तरह की फोटोग्राफी से बचें।

# लू के थपेड़े झेलने को रहिए तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

### ○ आधा गुन्नौर रात भर अंधेरे में रहा

**बबराला।** अप्रैल के अंतिम सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आने वाले दिनों में भी लू के थपेड़े झेलने को तैयार हो जाइए। तेज धूप और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित रहा, वहीं बिजली कटौती ने परेशानी बढ़ाई।

सोमवार को सुबह से ही तेज धूप रही एवं दोपहर में हालात और कठिन हो गए। न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे रात में भी राहत नहीं मिली। दोपहर में बाजार और चौराहे सूने नजर आए। बाजार क्षेत्र, स्टेशन रोड पर आवाजाही कम रही। मौसम अधिकारी के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच सकता है। लू का प्रकोप बढ़ेगा और शाम को उमस भी बढ़ेगी। इसके साथ ही बिजली संकट ने स्थिति और खराब कर दी है। गुन्नौर क्षेत्र में अघोषित कटौती, ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग के कारण बार-बार बिजली जा रही है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल है। देहात में 5 से 10 घंटे तक बिजली गायब रहने की शिकायतें हैं, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ किसान भी प्रभावित हैं। लाइन फाल्ट, ट्रांसफार्मर मरम्मत के नाम पर कटौती जारी है। करोड़ों रुपये खर्च के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं दिख रहा, जिससे लोगों में नाराजगी है। आने वाले दिनों में हालात और गंभीर होने की आशंका है। लोगों का कहना है कि गुन्नौर विद्युत उपकेंद्र पर रविवार को कार्य होने को 4 घण्टे बिजली बंद रहने की बात कही गयी लेकिन बिजली रात 11 बजे आई फिर कुछ देर चलने के बाद गयी।फिर आई तो फाल्ट हुआ और रात को लाइनमैनों नही जुड़ा तो पूरी रात आधा नगर गुन्नौर अंधेरा में डूबा रहा। लोग बिजली जाने के बाद हाथ का पंखा हिलाते रहे लेकिन नींद नहीं आई। ऐसी गर्मी में बिजली न मिलने से लोगों में आक्रोश है।

# स्वगणना के लिए प्रेरित करने को दिया गया प्रशिक्षण

### ○ मुख्य विकास अधिकारी ने दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनगणना 2027 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वगण्ना के लिए प्रेरित करने को प्रशिक्षण दिया गया।

विकास खंड पंवासा के ग्राम खिरनी मुइनुददीनपुर मुख्य में आयोजित कार्यशाला/प्रशिक्षण में मिशन की समस्त समूह सखियां, ग्रामवासी,सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास, ब्लॉक मिशन मैनेजर एवं अन्य पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने प्रशिक्षण में बताया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत स्व-गणना (सेल्फ एनुमेरेशन)की प्रक्रिया 7 मई 2026 से शुरू होकर 21 मई 2026 तक चलेगी। जिसमें प्रत्येक ग्रामवासी https://se-census-gov-in पर जाकर 16 भाषाओं में से अपनी भाषा चुनकर दिए गए प्रश्नों का उत्तर देकर स्वगणना कर सकता है। गणना पूर्ण होने पर उसे मोबाइल पर साइड पर प्राप्त होगी जिसको जब जनगणना अधिकारी/प्रगणक घर आए तो बस उन्हे साइड दिखाना है। आपको दुबारा जानकारी नहीं देनी। इस प्रकार समय की बचत एवं सूचनाओं की सटीकता के साथ जनगणना का कार्य प्रभावी ढंग से संपादित किया जा सकेगा।

# गोवंश संरक्षण, संवर्धन और वध पर प्रतिबंध की मांग

### ○गो सम्मान आहवान के साथ उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गो सम्मान आहवान अभियान के तहत उपजिलाधिकारी गुन्नौर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

उपजिलाधिकारी गुन्नौर को दिए ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं वध पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु कठोर कानून निर्माण के संबंध में मांग की गयी। प्रदेश की प्राचीन परंपराओं का अनवरत प्रवाह और हमारी महान सांस्कृतिक विरासत का सम्पोषण सदैव गोवंश के सानिध्य में ही फलीभूत हुआ है। प्रभु श्री राम की जन्मस्थली और योगेश्वर कृष्ण की कर्मभूमि उत्तर प्रदेश की संस्कृति की कल्पना गोमाता के बिना असंभव है। प्रदेश न केवल कृषि प्रधान राज्य है, बल्कि यह 'जीव-दया' और 'वसुधैव कुटुंबकम' के वैश्विक संदेश का केंद्र भी है। वर्तमान संकट और चिंताजनक तथ्य है कि स्वतंत्रता के समय प्रति व्यक्ति 10 गोवंश की उपलब्धता थी, वह आज निरंतर घटकर प्रति 10 व्यक्ति 1 गोवंश के चिंता जनक स्तर तक पहुँच गई है। आज हमारा देशी गोवंश विलुप्ति की कगार पर है, जिसके परिणामस्वरूप न केवल हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की मूल लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक जड़े भी कमजोर हो रही हैं। वर्तमान में गो-तस्करी, बूचड़ खानों में निर्मम वध, सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं और नगरीय क्षेत्रों में पॉलिथीन भक्षण के कारण प्रतिदिन लाखों गोवंश काल का ग्रास बन रहा है। इसके समाधान को एकीकृत केंद्रीय कानून एवं स्वतंत्र मंत्रालय बने। उत्तर प्रदेश में गोवंश के संरक्षण हेतु राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को संविधान के अनुच्छेद 48 में आवश्यक संशोधन कर केन्द्रीय गो सेवा एवं संरक्षण अधिनियम लागू करने तथा पृथक गोपालन मंत्रालय की स्थापना हेतु अनुशंसा प्रेषित की जाए, ताकि संपूर्ण राष्ट्र में गोवध पर पूर्ण प्रतिबन्ध लग सके। साथ ही. राज्य स्तर पर समसा वध शालाओं के लाइसेंस तुरंत निरस्त कर कब पर कठोर कार्रवाई सुनिक्षित की जाए। राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को विशेष संकल्प पारित कर प्रस्ताव भेजा जापे की देशी गोवंश की 'राष्ट्रमाता' या राष्ट्र आराध्या के रूप में आधिकारिक संवैधानिक मान्यता प्रदान कर उसे विशेष राष्ट्रीय संरक्षण दिग जाए। एवं राज्य स्तर पर भी देशी गोवंश को राज्य माता राज्य-आराधया घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय ले।ज्ञापन में कहा गया कि कठोर दंडात्मक प्रावधान हो। गो तस्करी और गो वध को संज्ञय एवं गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखकर आजीवन कारावास तथा अपराध में संलिप्त दोषियों की संपत्ति कुर्क हो। जबक आर्थिक आत्मनिर्भरता गव्य आधारित अर्थव्यवस्था पंचगव्य गोबर गोमुत्र अनुसंधान को बढ़ावा देकर प्राकृतिक कृषि हेतु जैविक खाद, कीटनाशक और औषधि के रूप में सरकारी खरीद तंत्र से जोड़ा जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर नंदीशाला और जिला स्तर पर न्यूनतम एक आदर्श गो अभ्यारण्य अथवा वृहद् गोशाला की स्थापना अनिवार्य हो, जहाँ निराश्रित गोवंश को ससम्मान आश्रय मिलें। राजमार्ग सुरक्षा एवं चिकित्सा: राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गो पर प्रति 50 से 100 किमी पर सुसज्जित गो-वाहिनी एम्बुलेस और 150 से 200 किमी के अंतराल पर आधुनिक ट्रॉमा सेंटरों की व्यवस्था हो जाएं ताकि दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को तत्काल उपचार मिल सकें। शिक्षा एवं सामाजिक सुधर हो। स्कूली पाठयक्रमों में गो-विज्ञान को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाएं। एकीकृत चारा एवं गोचर संरक्षण नीति बने। एक सुखद्द श्चारा सुरक्षा कानूनश बनाया जाये। ज्ञापन देने विजय वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, डिम्पल वार्ष्णेय,राकेश वार्ष्णेय आदि रहे।



बबराला- गुन्नौर में गो सम्मान आहवान के साथ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते।

# आरएसएस के पूर्व नगर कार्यवाह की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

### ○दोस्त घायल, जागरण कार्यक्रम से लौटते हुआ हादसा

**बबराला।** सड़क हादसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्व नगर कार्यवाह विजय शर्मा (54)की मौत हो गई। जबकि उनके दोस्त धर्मप्रकाश (56)घायल हो गए। दोनों देर रात एक जागरण कार्यक्रम से लौट रहे थे। विजय शर्मा वर्तमान में नगर पंचायत बबराला में संविदा कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। उनके घायल दोस्त धर्मप्रकाश का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है हादसा कोतवाली गुन्नौर के बबराला-बदायूं रोड पर नेहरू चौक के पास हुआ। घटना देर रात करीब 1 बजे की है। विजय शर्मा बुलंदशहर के नरौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कालोनी गेट के निवासी थे। जबकि धर्मप्रकाश बुलंदशहर के रामघाट थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के रहने वाले हैं। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया डाक्टरों ने विजय शर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि धर्मप्रकाश को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद विजय शर्मा के परिजन अस्पताल पहुंच गए। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि बुलंदशहर निवासी एक व्यक्ति की मौत हुई है और एक व्यक्ति की मौत हुई है और एक अन्य घायल है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है क्योंकि घायल व्यक्ति अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम को भेजा गया। नगर पंचायत कर्मियों ने शोक व्यक्त किया।

## उद्यमी पुरस्कार योजना के लिए करें 10 मई तक आवेदन

**सम्भल।** उ.प्र. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रचार-प्रसार के लिए विभाग द्वारा संचालित योजनाओ से स्थापित ग्रामोद्योगी इकाईयों विगत 03 वर्षो से निरन्तर कार्यरत एवं वित्तपोषित अच्छी उत्पादन बिक्री करने वाली इकाईयों के आवेदन पत्र उद्यमी पुरस्कार योजना हेतु निर्धारित प्रारूप पर नि:शुल्क10.05.2026 तक मांगे गए है। आवेदन पत्रो का चयन उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र की अध्यक्षता में गठित चयन समिति से किया जायेगा।

# मजबूती के साथ चुनाव लड़कर भाजपा को बाहर करने का लक्ष्य

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नगर में कार्यकर्ताओं से वार्ता करने पहुंचे भीम आर्मी नेता विनय रतन सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव पूरी मजबूती से लड़ा जाएगा और इस बार बीजेपी को प्रदेश से बाहर करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी की ताकत उसका कार्यकर्ता है और उन्हीं के दम पर संगठन और राजनीति आगे बढ़ रही है। राजनीतिक बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने अरविंद केजरीवाल के ईडी-सीबीआई वाले बयान पर कहा कि गरीब, मजदूर और किसानों के लोगों को इन एजेंसियों से डर नहीं लगता। साथ ही उन्होंने इशारों में कहा कि अगर किसी पर कार्रवाई हो रही है तो उसके पीछे कारण भी हो सकता है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने महिला आरक्षण बिल का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि सरकार केवल अपने हित के मुताबिक फैसले लेती है। उन्होंने कहा कि देश में असली लड़ाई गरीब, मजदूर और किसानों के अधिकारों की है, लेकिन जनता को धर्म के नाम पर उलझाया जा रहा है।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. अरबाज़ का चाल चलन अच्छा नहीं है। तथा बुरी संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने उक्त मौ. अरबाज से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और मैने व मेरे पति मौ. राशिद ने मौ. अरबाज को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा पुत्र मौ. अरबाज अपने अच्छे व बुरे का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रानी बेगम पत्नी मौ. राशिद**
नि. मौ. नाला निकट इमामबाड़ा
तहसील व जिला सम्भल।

# बाबा के संकीर्तन में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बाबा खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन एवं वार्षिकोत्सव पूरे उमंग और उल्लास के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। भक्ति, श्रृद्वा और उत्साह से सराबोर इस आयोजन ने उपस्थित श्रृद्वालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं बाबा की ज्योत जलाकर किया गया। जैसे ही मंच पर भक्ति का प्रवाह प्रारंभ हुआ, पूरा पंडाल श्याम नाम की गूंज से झूम उठा। सबसे पहले अग्रवाल बंधुओं अतुल-शशांक ने अपने मधुर और भावपूर्ण भजनों, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, खाटू वाला श्याम बड़ा दिलदार है, श्याम तेरी महिमा निराली है, से श्रृद्वालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। जबकि कानपुर से आई शर्मा सिस्टर्स ने अपने जोशीले और मनमोहक भजनों श्याम तेरी बंसी पुकारे आधी रात को, मेरे श्याम आओ दरबार सजाया है, तेरे नाम की धुन में श्याम मैं खो गया, मेरे सिर पे रख दो हाथ, श्याम, की प्रस्तुति देकर ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल झूमने पर मजबूर हो गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जयपुर से आए सुप्रसिद्व भजन प्रवाहक आयुष सोमानी ने अपने नवीन और हृदयस्पर्शी भजनों मेरे श्याम तेरी कृपा से सब कुछ पाया है, दरबार तेरे आया हूं, खाली न लौटाना, श्याम नाम का अमृत बरसे, खाटू नगरी बुला ले रे, तेरे चरणों में बसा है मेरा संसार, की शानदार प्रस्तुति देकर भक्ति का चरम अनुभव कराया। उनके भजनों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया और श्रृद्वालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। इस भव्य आयोजन की सफलता में समिति के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष अनुज गर्ग, उपाध्यक्ष विशेष गुप्ता, सचिव प्रशांत रुहेला, कोषाध्यक्ष विशाल रुहेला, विनीत रुहेला, निखिल गुप्ता, कमल गुप्ता, विजय चंद्रा, संजय चंद्रा, सागर, कुशल, प्रतीक, ललित, अभिनव माथुर, नवनीत कुलदीप गुप्ता एवं राजीव अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। पूरे कार्यक्रम का शानदार एवं आकर्षक मंच संचालन अंकित अष्ठाना द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने प्रभावी शब्दों और ऊर्जा से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। भक्ति, संगीत और श्रृद्धा के इस अद्भुत संगम ने एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी, जहां हर भक्त जय श्री श्याम के जयकारों के साथ भाव-विभोर नजर आया।

# एक किलो से अधिक चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार, सिविल लाइन्स पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.093 किलोग्राम अवैध चरस और 480 रुपये नकद बरामद किए हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद इकबाल निवासी चक्कर की मिलक, बड़ी मस्जिद के पीछे,जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्कर के खिलाफ थाना सिविल लाइन्स में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि अधिक मुनाफे के लालच में वह चोरी-छिपे चरस की




खरीद-फरोख्त कर रहा था। उसने अपने किए पर पछतावा भी जताया और भविष्य में ऐसा काम न करने की बात कही।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है।स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। पुलिस ने साफ किया है कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# अब गांव में भी डिजिटल लाइब्रेरी संचालित करने की तैयारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** सामान्य कोर्स हो या प्रतियोगी परीक्षाएं सबकी तैयारी अब गांवों में की जा सकेगी। मुरादाबाद मंडल में 759 गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी संचालित करने की तैयारी की जा रही है। पहले से खोली गई लाइब्रेरियों को भी इन्हीं में शामिल करके अपग्रेड किया जाएगा। पहले से संचालित लाइब्रेरियों को ग्राम पंचायतें चलाती थीं लेकिन पहली बार शासन ने इनके लिए बजट जारी किया है।

प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी पर करीब दो लाख रुपये की पुस्तकें उपलब्ध होंगी।कोर्स की किताबें तो मिल ही जाती हैं लेकिन खासतौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं, राजनिंग क्लासेस की तैयारी के लिए छात्र-छात्राओं के परिवारों को अच्छी खासी रकम खर्च करनी पड़ती है। महंगी कोचिंग करानी होती है। उप निदेशक (पंचायत) कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंडल में 3692 ग्राम पंचायतों में से करीब 3600 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी पहले से संचालित की जा रही हैं लेकिन वह लाइब्रेरी ग्राम पंचायतें संचालित करती थीं।बजट के अभाव में अपेक्षित संसाधन और पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पाती थीं लेकिन पहली बार शासन ने इन डिजिटल लाइब्रेरियों के लिए बजट आवंटित किया है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी पर 4.50 से पांच लाख रुपये तक व्यय किए जा रहे हैं। बजट आधारित प्रथम चरण में मंडल की 759 ग्राम पंचायतों की लाइब्रेरियों का लिया गया है, इनमें प्रत्येक लाइब्रेरी में फर्नीचर, इंटरनेट, कंप्यूटर और करीब दो लाख रुपये कीमत की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें कक्षा एक से 12 तक कोर्सेस, इसके ऊपर के कोर्स की पुस्तकों को साथ साथ उपन्यास, कहानियां, प्रतियोगी परीक्षाओं की -पुस्तकें, रीजनिंग क्लासेस से जुड़ी सामग्री आदि शामिल रहेगी। जिसका बड़ा फायदा ग्रामीण युवाओं व विद्यार्थियों को मिलेगा। इसी लाइब्रेरी में वह प्रतियोगी - परीक्षाओं की तैयारियां भी कर पाएंगे। 15 मई तक सभी डिजिटल लाइब्रेरी में फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

## एक नजर

### मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत ने चौकाया

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जिले में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत चौंकाने वाली है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, हर दूसरे दिन एक मासूम दुनिया में आने से पहले ही दम तोड़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि एक साल में 152 बच्चों की मौत गर्भ में ही हो गई। हर 48 घंटे में एक अजन्मी जिंदगी खत्म। यह सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही की तस्वीर है। चौंकाने वाली बात यह है कि 96 मामलों में गर्भ में ही बच्चों का शरीर अपघटित होने लगा, लेकिन गर्भवती महिलाओं को इसकी भनक तक नहीं लगी। यानी न समय पर जांच, न निगरानी, और न ही कोई चेतावनी। बाकी 56 मामलों में बच्चों की दिल की धड़कन जन्म से ठीक पहले थम गई। इन्हें स्टिल बर्थ की श्रेणी में रखा गया है। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का बहाना भी नहीं बनाया जा सकता। करीब 350 स्वास्थ्य उपकेंद्र, नौ सीएचसी, 27 पीएचसी और 50 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर होने के बावजूद हालात बदतर हैं।इन केंद्रों की जिम्मेदारी गर्भवतियों की नियमित जांच (एंटी नेटल केयर), पोषण और जोखिम की पहचान करना है। लेकिन, जमीनी हकीकत इसके उलट है।

### गो सम्मान आवाह्न अभियान के अंतर्गत एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कांठ( शाह टाइम्स )** गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए आज प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन बजरंगियों ने एसडीएम को सौंपा उन्होंने कहा कि गोकशी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान बने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करते हुए उनके खान-पान और रहन-सहन की अच्छी व्यवस्था की जाए गौ माता के इलाज के लिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्था आदि को लेकर उन्होंने मांग उठाई। इस मौके पर मोनू बिश्नोई बजरंगी सुमित कुमार दीपेंद्र कुमार बब्लेश कुमार रवि कुमार सचिन कुमार सुमित शर्मा रोहित कुमार मनोज कुमार विक्रम चौधरी अमन कुमार आवेश सोनू अंकित बारिश हरि सिंह विकास कुमार दीपक कुमार मोहित पाल आदि मौजूद रहे।

### अकबरपुर चौदरी में दो का शांतिभंग में चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** आपस में झगड़ रहे दो का पुलिस ने शांति भंग में चालान किया है थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर चौदरी निवासी



मुराद अली पुत्र अकबर हुसैन और मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल अजीज आपस में झगड़ा कर रहे थे जिससे शांति भंग की आशंका पैदा हो गई पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और चालान कर दिया।

### व्यापारियों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का किया स्वागत

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल उर्फ जॉनी और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का स्वागत किया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लोकसभा स्पीकर को अशोक स्तंभ की प्रतिकृति और बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उनसे व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा को लेकर चर्चा की गई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 10 मई के बाद दिल्ली में संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से भेंट करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल उर्फ जॉनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# पंछियों को बचाने के लिए शिवसेना ने चलाया जल अभियान, बांटे मिट्टी के स्वदेशी बर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** सोमवार को बिलारी स्थित शिवसेना कार्यालय, मंदिर पोड़ा खेड़ा गेट के समीप एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गर्मी के मौसम में प्यास से बेहाल पक्षियों को बचाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना ने बताया कि संगठन द्वारा "पंछी को बचाना है, प्रत्येक घर की छत पर पानी पिलाना है" अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए शिव सैनिकों ने नगर में घूमकर लोगों को मिट्टी के स्वदेशी बर्तनों का वितरण किया। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने घरों की छतों पर मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर रखें, ताकि कोई भी पक्षी प्यास से तड़पे नहीं। उन्होंने बताया कि मिट्टी के बर्तनों में पानी ठंडा और ताजा रहता है, जिससे पक्षियों को राहत मिलती है। शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए समाज के



प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। यह छोटा सा प्रयास जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, हरी बाबू, सुशील शर्मा, महेश सिंह, विनोद यादव, दिनेश आजाद, अमन गुरुजी, मनोज गुप्ता, सौरव सक्सेना, कुश सक्सेना, अभिषेक शर्मा, संजय गुप्ता, अमित गुप्ता, मयूर गुप्ता, गौतम तथा विजय माथुर सहित अनेक शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# कठिन परिश्रम ही सफलता का आधार : शुभ शर्मा के माता-पिता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद मुरादाबाद जिले की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शुभ शर्मा



के घर खुशी का माहौल है। सोमवार को नगर से लगे रुस्तमनगर सहसपुर निवासी अध्यापक नीरज शर्मा के आवास पर शुभचिंतक पहुंचकर परिवार को बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर शुभ शर्मा के माता-पिता ने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता का आधार है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिवार के सहयोग से यह सफलता मिली है। शुभ शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण कर मुरादाबाद जिले की मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं उनकी बहन गौरी शर्मा ने भी हाईस्कूल परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया। शुभ शर्मा की इस उपलब्धि पर उनके आवास पर माला पहनाकर तथा मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

शुभकामनाएं देने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला प्रमुख धर्मेंद्र गांधी, पूर्व सह जिला प्रमुख महेंद्र सिंह चौहान, अमित गुप्ता, विहिप जिला उपाध्यक्ष रजनीश गर्ग, राहुल शर्मा, डॉ. एसपी कंडेरा, संगीता शर्मा, रौनक गुप्ता, जानुका गर्ग, मधु शर्मा, अवनीश यादव, सुनील, मुनेंद्र यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे। परिजनों ने शुभ शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# यूपी बोर्ड के कॉलेज टॉपर्स को विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने किया होनहार छात्रों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम मिलक काजी में यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। न्यू स्टार इंटर कॉलेज, जलालपुर के कॉलेज टॉपर्स विकास कुमार पुत्र राकेश कुमार, मनीष कुमार पुत्र राजपाल और रचित पुत्र महेश को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सोमवार को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ग्राम मिलक काजी पहुंचे, जहां उन्होंने सफल छात्रों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि इन होनहार छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जाटव समाज के इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सफलता यह साबित करती है कि शिक्षा के माध्यम से हर वर्ग आगे बढ़ सकता है। इस अवसर पर



विधायक ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा, "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो," यही संदेश आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शन है।

विधायक ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत कर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान राकेश कुमार,पवन कुमार, देवेंद्र सिंह, उदयराज सिंह,गजब सिंह, ब्रजेश कुमार, गंगा सिंह, जयप्रकाश डीलर ,भूप सिंह कातिब , उर्मिला देवी, बबीता देवी,सुरमिला देवी रणजीत सिंह, अंतिम,विशाल,विवेक ग्राम प्रधान पति रनपाल सिंह, जलालपुर खास के पूर्व प्रधान गुलफाम हुसैन, जर्रार हुसैन,जफर अली आदि लोग उपस्थित रहे। इस दौरान गांव बालों ने मिलक काजी से तेवरखास के कच्चे रास्ते को श्मशान घाट तक पक्की कराने के अनुरोध किया, जिससे पर विधायक जी ने अतिशीघ्र रास्ते को श्मशान तक नपवाकर निर्माण कार्य कराने का आश्वासन दिया। सभी गांव बालों ने विधायक जी के कार्यों की प्रशंसा की तथा धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया।

# निकाह का झांसा देकर युवक बनाता रहा संबंध दो लोगों पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के पड़ोसी गांव में निकाह का झांसा देख युवक नाबालिग से लगातार संबंध बनाता रहा। इस मामले में तहरीर पर एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह फेरी लगाकर दरी चादर बेचने का काम करता है। यह बाहर गया हुआ था। उसकी पत्नी भी मायके गई हुई थी। 25 मार्च को रात 10 बजे उसकी 17 साल की बेटी घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस का रहने वाला राजा पुत्र ताहिर घर में घुस आया और उसकी बेटी का मुंह दबाकर उसके साथ गलत काम किया। इस मामले की जानकारी घर आने पर उसको हुई। जब संभ्रांत नागरिकों के बीच वार्ता हुई तो कहा कि बेटी के बालिग होने के बाद दोनों का निकाह कर दिया जाएगा। मगर अब राजा उर्फ कासिम उसकी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाता चला आ रहा था। शादी से उसने मना कर दिया। इसको लेकर राजा व उसके पिता ताहिर ने धमकाया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# खेत का गेहूं काटने से मना करने पर पीटकर किया घायल

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खंडोआ के रहने वाले उल्फत सिंह पुत्र उमराज सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे अपने खेत पर लड़कियों के साथ वह गेहूं काट रहा था। तभी गांव के रहने वाले कुलवंत, तुषार, निर्देश व राकेश खेत पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। गेहूं काटने से मना कर गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो सभी ने लात घुसो व लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटा। जिससे उनके खुली छोटे आई। जब लड़की कुंदेश ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# कोतवाली बिलारी में पहुंचे प्रशिक्षु सिपाही, होगा व्यावहारिक प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** कोतवाली बिलारी में पुलिस लाइन से प्रशिक्षण प्राप्त कर कुल 23 प्रशिक्षु सिपाहियों की तैनाती की गई है, जिनमें 8 महिला कांस्टेबल भी शामिल हैं। सभी प्रशिक्षु सिपाहियों का ईमानदारी, सतर्कता और संवेदनशीलता सबसे महत्वपूर्ण है। आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समाधान करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है। बताया गया कि प्रशिक्षु सिपाहियों का



कोतवाली परिसर में स्वागत किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने प्रशिक्षु सिपाहियों के साथ बैठक कर उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली, अनुशासन, जनता से व्यवहार, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा ड्यूटी के दौरान जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में व्यावहारिक प्रशिक्षण अभी शेष है, जिसके लिए उन्हें थाना स्तर पर कार्य करने, अभिलेखों की जानकारी, गश्त व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा जनता से समन्वय स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कोतवाली में प्रशिक्षु सिपाहियों की आमद से पुलिस व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# नए नियमों के विरोध में खाद, बीज व कीटनाशक व्यापारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** फुटकर खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेता संघर्ष समिति, जिला मुरादाबाद के तत्वावधान में सोमवार को बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पूर्व सभी व्यापारी अंबेडकर पार्क में एकत्र हुए, जहां से जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने बताया कि यह देशव्यापी आंदोलन का हिस्सा है, जिसके तहत पूरे देश में खाद, बीज और कीटनाशक कारोबार से जुड़े दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखकर नए नियमों का विरोध जताया है। इसी क्रम में बिलारी नगर में भी व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। बीज व्यापारी एवं नामित सभासद श्रीकांत गुप्ता ने कहा कि कृषि मंत्रालय द्वारा लागू किए जा रहे नए नियम खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों के हितों के



खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इन नियमों से व्यापारियों का उत्पीड़न होगा और छोटे कारोबारी भविष्य में व्यापार नहीं कर पाएंगे। सरकार को इन नियमों पर पुनर्विचार करते हुए आवश्यक संशोधन करना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के चलते नगर में खाद, बीज और कीटनाशक से जुड़ी सभी दुकानें बंद रहीं। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग की कि खाद पर टैगिंग व्यवस्था समाप्त की जाए, एफओआर (FOR) व्यवस्था के तहत माल रिटेल गोदाम तक पहुंचाया जाए, डीलर मार्जिन 8 प्रतिशत किया जाए, बीज का साथी पोर्टल केवल कंपनियों तक सीमित रखा जाए तथा डीलरों को गवाह की भूमिका में रखा जाए। प्रदर्शन में श्रीकांत गुप्ता, जितेंद्र चौहान, शमशाद, रॉबिन, नबी हसन, सचिन चौधरी, नरेश कुमार शर्मा, विशाल कावतरा, मोहम्मद शाने अली, वीरपाल सिंह, अली मुर्तजा, मोहम्मद ओवैस, सुबोध शर्मा, फूल सिंह, शिशुपाल, रोहित चौधरी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# एमबीडी पब्लिक स्कूल में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को किया सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्तियारपुर नवादा स्थित एमबीडी पब्लिक स्कूल में आज अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को प्रबंध कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह प्रार्थना सभा में हुआ जहां स्कूल के संचालक पदम सिंह भारती ने स्कूल और स्कूल में दी जा रही शिक्षा के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने क्रमशः सभी कक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर उनसे भी सहयोग मांगा

उन्होंने कहा कि अभिभावकों के सहयोग से बच्चों को शिक्षित करना आसान होता है और उनका सहयोग ही बच्चों को अच्छी शिक्षा की ओर ले जाने का काम करता है।

इस मौके पर पदम सिंह भारती प्रधानाचार्य स्कूल के अध्यापक अध्यापिकाए नेता मेहंदी हसन सहित बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# थैला गिरने की थाने में में शिकायत

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तहसील आते वक्त महिला का थैला रास्ते में गुम हो गया पीड़िता ने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। नया गांव अकबरपुर चौदरी निवासी अमला देवी का कहना था कि वह अपने गांव से तहसील के लिए आ रही थी लेकिन रास्ते में कहीं पर उसका थैला गुम हो गया जिसमें उसके जरूरी सामान एवं कागजात थे महिला ने आसपास तलाश किया थैला ना मिलने पर उसने पुलिस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, महिला ने थैला चोरी किए जाने की भी आशंका जताई है।

## गुमशुदगी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सगे भाई हरिओम पिछले 4 साल से लापता है जिनका रंग गोरा कद 5 फुट 4 इंच एवं उम्र 46 वर्ष है निवासी गुलाब बाड़ी नई आबादी मुरादाबाद उनका एक पुत्र है जिसकी उम्र 13 साल है जिनका कोई पता नहीं चल पाया है कृपया किसी को इनके बारे में पता चले तो मुझसे संपर्क करें। **ओमवती एवं उषा पुत्रीगण भूकन लाल निवासी गुलाबबाड़ी नई आबादी, मुरादाबाद।** मो. नंबर- 7248497191 , 9756439076

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र तसलीम व पुत्रवधू श्रीमती गुलनाज को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद रजी निवासी मोहल्ला गली नंबर-3 मीना नगर जयंतीपुर थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड मुरादाबाद द्वारा शमा खातून पत्नी श्री मोहम्मद वसीम निबासी रसूलपुर नंगला खेम नियर पालम व्यू शादी हॉल जिम बाली गली मुरादाबाद को एक ऋृण संपत्ति पर दिया जा रहा है। संपत्ति स्तिथ खसरा संख्या खसरा नं. 345 वाक्य ग्राम नंगला खेम परगना और जिला मुरादाबाद बैनामा श्री अफसर अली विक्रेता-क्रेता रौनक खान रजिस्ट्री नंबर 12881 दिनाक 10/11/2017 बही नं. 1 जिल्द नंबर 13771 पेज नंबर 37 से 54 है। हदुदअरबा पूर्व - आराजी शाहवेज पश्चिम-वाक्या आराजी विक्रेता खरीदकरदा नबी हसन दक्षिण- रास्ता मुश्तर्का 10 फीट उत्तर-आराजी श्री नन्हे क्रेय पत्र 23/04/2026 में कहीं खो गया है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 25/04/2026 को ऑनलाइन के माध्यम से थाना कटघर मुरादाबाद में करा दी गई है अगर किसी को ये विक्रेय पत्र मिले या किसी बैंक में ये विक्रेय पत्र रखे हो तो निम्नलिखित पते पर 07 दिन के भीतर सूचित करे या आपत्ति दर्ज करें। **राजीव चौधरी एडवोकेट पता-चैम्बर नंबर सी 17 अधिवक्ता भवन के पीछे कचहरी परिसर, मुरादाबाद।**

